# रेलवे पार्किंग में 45 दिन का ठेका हुआ फेल,अब ई-टेंडरिंग से लगेगी बोली

**सतना। सतना रेलवे जंक्शन पर वाहन पार्किंग व्यवस्था पिछले एक महीने से अधिक समय से पूरी तरह चरमराई हुई है। ठेका खत्म होने के बाद से कोई नया ठेकेदार नहीं मिल पाया है,जिसके परिणाम स्वरूप यात्रियों को अपने वाहन असुरक्षित छोड़ने पड़ रहे हैं।**

इस अव्यवस्था का खामियाजा यात्रियों को वाहन चोरी के रूप में भुगतना पड़ा है अब तक आधे दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी हैं। रेलवे ने इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर दो बार 45 दिन के अस्थायी ठेके का टेंडर निकाला था। इस ठेके की कीमत 8 लाख 22 हजार रुपए निर्धारित की गई थी,लेकिन आश्चर्यजनक रूप से एक भी ठेकेदार ने इसमें रुचि नहीं दिखाई और कोई भी टेंडर डालने नहीं पहुंचा। सतना रेलवे के कमर्शियल स्टेशन मैनेजर




अवध गोपाल ने हरिभूमि को बताया कि अब पार्किंग ठेके की प्रक्रिया ऑनलाइन ई-टेंडरिंग के माध्यम से पूरी की जाएगी। इसके लिए निविदा अपलोड कर दी गई है। इस बार ठेके की अवधि एक साल रखी गई है और इसकी अनुमानित लागत 66 लाख 66 हजार 606 रुपए निर्धारित की गई है। इस ई-टेंडरिंग के लिए बोली अगले महीने की 8 तारीख को आयोजित की जाएगी।जब तक नया ठेकेदार नहीं मिल जाता और पार्किंग व्यवस्था सुचारु रूप से शुरू नहीं हो जाती,तब तक रेलवे परिसर में वाहनों को 'भगवान भरोसे' ही खड़ा करना पड़ेगा। वर्तमान में, रेलवे परिसर लावारिस स्थिति में है और वाहनों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं हैं, जिससे यात्रियों की चिंताएं बढ़ गई हैं।इस स्थिति से यात्रियों में भारी रोष व्याप्त है और वे जल्द से जल्द सुरक्षित पार्किंग सुविधा बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब तस्करों पर बड़ी कार्रवाई: 348 पाव जब्त, दो गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर रामपुर बाघेलान पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर,थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम ने ग्राम तपा में सुजान सिंह की दुकान पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान,आरोपी सुजान सिंह पटेल 22 और बादल सिंह सिगरौल 26 के कब्जे से 07 कार्टूनों में रखी कुल 348 पाव (62.640 लीटर) अवैध अंग्रेजी और देशी शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 41,760 है। इसके अतिरिक्त,घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए,जिनकी कीमत 35,000 है। कुल जब्ती 76,760 की हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भारी वाहनों से जाम, स्कूली बच्चे प्रभावित: भाटिया

**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिलाध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' ने शहर में भारी वाहनों के कारण बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है।उन्होंने बताया कि रामटेकरी में ट्रांसपोर्ट नगर होने के बावजूद,शहर के भीतर संचालित पचास से अधिक छोटे-बड़े ट्रांसपोर्ट दिनभर सड़कों पर बड़े ट्रकों की आवाजाही और उनके खड़े रहने से जाम का कारण बन रहे हैं। भाटिया ने कहा कि इस जाम से सबसे ज्यादा परेशानी सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। घंटों लगने वाले जाम के कारण बच्चों को स्कूल पहुँचने में दिक्कतें आ रही हैं।उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तुरंत अंकुश लगाने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है,ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और आम नागरिकों को,विशेषकर स्कूली बच्चों को,राहत मिल सके।

### मैहर में एम्बुलेंस सेवा की लापरवाही: मरीज को नहीं मिली मदद, स्टाफ निलंबित

**मैहर।** जिले के रामनगर अस्पताल में एक गंभीर रूप से संक्रमित मरीज रामखेलावन शर्मा को तीन एम्बुलेंस के अस्पताल में खड़े होने के बावजूद रेफर नहीं किया जा सका,चालकों ने गाड़ी खराब होने, व्यस्त होने या कोई जवाब न देने जैसे बहाने बनाए, जबकि हकीकत में ड्राइवर फर्जी आईडी के जरिए एम्बुलेंस को 'ऑन रोड' दिखा रहे थे,परिजनों और स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस सेवा में फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल. के. तिवारी ने संज्ञान लेते हुए 108 एम्बुलेंस के चालक शेषमणि द्विवेदी और ईएमटी देवेंद्र प्रजापति को निलंबित कर भोपाल अटैच कर दिया है वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

### बड़ा इटमा न्यू रामनगर के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**मैहर।** अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने तहसील रामनगर अंतर्गत ग्राम खारा पोस्ट बड़ा इटमा के आवेदक वृन्दावन मिश्रा की शिकायत पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ा इटमा न्यू रामनगर के प्राचार्य राजू साकेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. मिश्रा ने जनसुनवाई में शिकायत की थी कि हल्का खारा में प्रतिवेदित शासकीय आराजी नम्बर 390 के अंशभाग पर प्राचार्य राजू साकेत द्वारा अवैध मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। अपर कलेक्टर ने प्राचार्य को तीन दिवस में अतिक्रमण हटाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है,अन्यथा सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### एक आदतन अपराधी सतना जिले से जिला बदर

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 के अंतर्गत जिले के एक आदतन अपराधी को सतना जिले और समीपवर्ती जिलों पन्ना, रीवा,मैहर की राजस्व सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया है। थाना कोलगवां अंतर्गत कोलगवां मोहल्ला निवासी शिब्बू उर्फ श्रेयांश यादव (उम्र 25 वर्ष) को एक वर्ष की कालावधि तक बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के इन जिलों में प्रवेश न करने का निर्देश दिया गया है।

# चित्रकूट में पत्नी को जमीन पर गिराकर पीटा

### कमरे में कैद हुई घटना, बाल पकड़कर घसीटा, रिपोर्ट दर्ज



**सतना।** चित्रकूट में महिला के साथ घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ है,जिसमें एक व्यक्ति अपनी पत्नी को जमीन पर गिराकर लात मारते हुए और बाल पकड़कर घसीटते हुए ले जाता हुआ दिख रहा है। यह वीडियो 19 जुलाई का बताया गया है,जो कि घर के अंदर का है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और जांच शुरू की। फुटेज में दिख रहा व्यक्ति चित्रकूट में दो होटलों का मालिक है।

### वीडियो के आधार पर 151 के तहत मामला दर्ज

चित्रकूट थाना प्रभारी डीआर शर्मा ने बताया कि महिला या उसके परिवार की ओर से अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर धारा 151 के तहत मामला दर्ज किया है। महिला ने पति के खिलाफ कार्रवाई से इनकार किया है। पुलिस ने वीडियो में दिख रहे स्थान की पहचान कर मौके की पुष्टि की है। महिला ने पति के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। दोनों का एक पांच साल का बेटा है,जिसे कैंसर है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** नागौद पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए धारा 108 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एक व्यक्ति की आत्महत्या के मामले में हुई है,जहां आरोपी पर मृतक को आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद के निर्देशन में,थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

### जानिए क्या है पूरा मामला

दिनांक 27 मई को नागौद थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्हुआ निवासी अमृतलाल बागरी 60 वर्ष ने सूचना दी कि दोपहर लगभग 3:40 बजे उन्हें रामनिवास बागरी ने बताया कि रन्ना बागरी के फोन से उन्हें जानकारी मिली है कि उदयराज बागरी उर्फ छोटकू 38 वर्ष ने गांव कोल्हुआ में सन्यासी बाबा के चौराहे के पास एक आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।



सूचना मिलते ही पुलिस ने मर्ग क्रमांक 67/2025,धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान,शव पंचनामा और अन्य साक्ष्यों से पुष्टि हुई कि मृतक छोटू उर्फ उदयराज बागरी ने 27 मई को दोपहर 3:40 बजे ग्राम कोल्हुआ में सन्यासी बाबा के चौराहे के पास आम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।

### आरोपी ने 32 लाख रुपए हड़पे,नहीं दी जमीन

जांच के दौरान,मृतक उदयराज बागरी के ओप्पो मोबाइल फोन की जांच की गई,जिसमें सिम नंबर 9399518015 लगा था। मोबाइल में एक वीडियो पाया गया,जिसमें मृतक उदयराज बागरी का चेहरा दिखाई दे रहा था और वह यह बोल रहा था कि रावेंद्र पटेल उर्फ गुड्डा पिता योगेंद्र पाल पटेल ग्राम कोल्हुआ ने मुझे पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। दो एकड़ जमीन देने के नाम पर उसने दो साल में मुझसे 32 लाख ले लिए हैं। मैंने अपनी जमीन बेचकर उसे पैसे दिए,लेकिन दो साल हो गए,न तो वह जमीन की रजिस्ट्री करवा रहा है और न ही पैसे वापस कर रहा है, इसलिए मैं अपनी जान दे रहा हूं। मेरी बीवी-बच्चों को इंसाफ दिलाया जाए। मर्ग इंटिमेशन,शव पंचनामा,मृतक के परिजनों के बयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वायरल वीडियो से यह स्पष्ट हुआ कि रावेन्द्र पटेल उर्फ गुड्डा निवासी कोल्हुआ ने मृतक से 32 लाख लेने के बावजूद 02 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई और न ही पैसे वापस किए। इसी प्रताड़ना से तंग आकर उदयराज बागरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

इस आधार पर,आरोपी रावेन्द्र पटेल उर्फ गुड्डा के खिलाफ अपराध क्रमांक 445/25,धारा 108 बी एन एस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। नागौद पुलिस ने लगातार उसकी तलाश की और अंततः दिनांक 22 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय,उपनिरीक्षक रंगदेव सिंह,सहायक उपनिरीक्षक मुकेश सिंह,आरक्षक जमीलउद्दीन खान और आरक्षक किशन की विशेष भूमिका रही।

# ट्रांसफार्मर न बदले जाने से नाराज ग्रामीणों का जल सत्याग्रह, बिल बकाया बना गतिरोध

**सतना।** नागौद विधानसभा क्षेत्र के अमिलिया गांव में एक सप्ताह से जला 63 केवी का ट्रांसफार्मर न बदले जाने से आक्रोशित करीब पचास ग्रामीणों ने आज गांव के तालाब में जल सत्याग्रह शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि 18 जुलाई को ट्रांसफार्मर जलने के बाद से लगातार शिकायत के बावजूद विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। भीषण गर्मी में बिजली न होने से सिंचाई और पेयजल संकट गहरा गया है। जल सत्याग्रह में वार्ड क्रमांक 7 की जिला पंचायत सदस्य बिमला कोल और पूर्व जनपद सदस्य करामात अली भी समर्थन में शामिल हैं। मौके पर पहुंचे तहसीलदार मुकेश साहू ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया,लेकिन ग्रामीण नए ट्रांसफार्मर की मांग पर अड़े हुए हैं। विभाग के अनुसार,इस ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं पर 2.38 लाख का बिल बकाया है और वे कम से कम 10% राशि जमा होने पर ही ट्रांसफार्मर बदलने को तैयार हैं। ग्रामीणों ने बिल जमा करने में असमर्थता जताते हुए घोषणा की है कि जब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता,उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।



# आदिवासी महिला व जिला पंचायत सदस्य के अपमान पर सख्त कार्रवाई की मांग

**सतना।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुलगढ़ी में जिला पंचायत सदस्य और आदिवासी महिला श्रीमती बिमला कोल के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार और जातीय भेदभाव का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में रोष व्याप्त है और कांग्रेस नेत्री श्रीमती रश्मि सिंह के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उचेहरा को एक ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन के अनुसार,श्रीमती बिमला कोल,जो सतना जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 की सदस्या हैं,उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुलगढ़ी में चल रही अव्यवस्थाओं और कथित भ्रष्टाचार



के बारे में कई स्थानीय लोगों ने अवगत कराया था। इन समस्याओं के निवारण के लिए श्रीमती कोल 16 जुलाई,2025 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुलगढ़ी पहुंची थीं।आरोप है कि वहां अस्पताल के स्टाफ द्वारा उनके साथ जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार किया गया। ज्ञापन में इस घटना को असहनीय व पीड़ादायक बताया गया है। कांग्रेस नेत्री श्रीमती रश्मि सिंह,जो नागौद विधानसभा से कांग्रेस की प्रत्याशी रही हैं,के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। मांग की गई है कि दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यह घटना आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ सार्वजनिक संस्थानों में होने वाले व्यवहार पर गंभीर सवाल उठाती है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वे इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें,ताकि जनता का विश्वास सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में बना रहे और सभी नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जा सके।

**नशामुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया गया जागरूक**

# नशे का सेवन करने से धन हानि के साथ ही परिवार भी टूटते हैं, इससे दूर ही रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में नशामुक्ति भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पोस्टर, स्लोगन, लघु फिल्म प्रदर्शन के माध्य म से विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागररूक किया गया। साथ ही समाज को नशा मुक्तय बनाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने समाज में बढ़ती मद्यपान और नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों और समाज को अवगत कराते हुये



कहा कि नशे के कारण न सिर्फ धनहानि होती हैं, बल्कि परिवार भी टूटते हैं। इसलिए हमें खुद भी नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। नशा मुक्त समाज ही आदर्श समाज होता है।

कार्यक्रम में प्रेरक लघु फिल्म के प्रदर्शन द्वारा बताया गया कि समाज में नशे से ग्रस्त कोई भी व्यक्ति यदि नशे की आदत से छुटकारा पाना चाहता है, तो वह अपने आस-पास या जिला मे स्थापित नशा मुक्ति केंद्र में संपर्क कर सकता है और संवाद या इलाज के माध्यम से नशे से छुटकारा पा सकता है। साथ ही लोगों को नशे से दूर रहने के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी द्वारा नशे के दुष्प्रभावाओं की भी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के मद्यपान से होने वाली बीमारियों से भी अवगत कराया गया। उन्होंलने कहा कि नशा नाश का कारण होता है इसलिए कभी भी समाज के युवाओं को नशे की ओर नहीं भटकना चाहिए क्योंकि जो एक बार नशे की गिरफ्त में आ जाता है उससे आसानी से उबर नहीं सकता है।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी द्वारा रा. से. यो. स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित स्टाफ के सदस्यों को मद्यपान निषेध की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही सभी से नशामुक्त समाज बनाने मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप 5 जिलों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी जिला टॉप 5 जिले में शामिल है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में चतुर्थ स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा सोमवार को प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 85.41 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर चौथा स्थान अर्जित किया है। कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में चौथे स्थान पर रहा है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते जून माह में प्राप्त कुल 9 हजार 197 शिकायतों में से 85.41 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 51.34 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री यादव के द्वारा सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 12 माहों से लगातार प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल है।

### आमजन का बढ़ता है भरोसा

इस उपलब्धि पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिला प्रशासन के अमले को शाबाशी देते हुए भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दें।

### मैहर में पंचायत प्रतिनिधियों का प्रदर्शन: 24 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** त्रिस्तरीय पंचायत सम्मेलन के तहत देशभर से आए सरपंचों और जिला अध्यक्षों ने अपनी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। पटेल मैरिज गार्डन से शुरू हुई रैली में सैकड़ों जन प्रतिनिधियों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए जमकर नारेबाजी की। रैली के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने मैहर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पंचायतों की स्वायत्तता बढ़ाने, विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट देने,सरपंचों को अधिक अधिकार प्रदान करने और पंचायत सचिवों की समस्याओं का समाधान करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। वक्ताओं ने जोर दिया कि पंचायतें ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और संसाधनों व अधिकारों की कमी से जूझ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं। यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा और आयोजक पंडित विष्णुधर उरमालिया ने सभी को धन्यवाद दिया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर मैहर पुलिस अधीक्षक की पहल: ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण



**मैहर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने जिले के संभावित दुर्घटना स्थलों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए। यह सघन निरीक्षण पोड़ी,नकतरा मोड़,झूकेही और घुनवारा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में किया गया। इस निरीक्षण के दौरान,यातायात प्रभारी नृपेंद्र सिंह,थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक रेनू मिश्रा,और NHAI (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) की टीम भी उपस्थित रही।

### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का आगाज



**सतना।** नगर पालिक निगम की टीम ने 22 जुलाई को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत सफाई अपनाओ,बीमारी भगाओ अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना,सतना को प्लास्टिक मुक्त बनाना और बच्चों के माध्यम से समुदाय से जुड़ना था। विभिन्न वार्डों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए,जिसमें वार्ड 7 में स्त्रोत पृथक्करण और सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की जानकारी दी गई। वार्ड 8 में राजीव गांधी पार्क में विशेष सफाई और वृक्षारोपण हुआ,जबकि वार्ड 9 के संतोषी माता मंदिर परिसर में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सीईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा आज ग्राम पंचायत रहुनिया एवं सिरस्वाहा में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिपं सीईओ ने रहुनिया के आंगनवाड़ी केन्द्र का अवलोकन कर बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। खेत तालाब के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण भी किया। साथ ही सिरस्वाहा के निर्माणाधीन अटल सुशासन भवन का भ्रमण कर कार्य की गुणवत्ता व अद्यतन प्रगति संबंधी जानकारी ली। इस दौरान परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे।

### 119 किलो मछली जप्त



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों की टीम द्वारा मत्स्य बाजारों में छापामार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में मत्स्य निरीक्षक एच.सी. विश्वकर्मा द्वारा गत दिवस पवई एवं अमानगंज के स्थानीय बाजार में कार्रवाई कर 119 किलो मछली लावारिस हालत में जप्त कर नीलामी की कार्रवाई संपन्न कराई गई। उल्लेखनीय है कि आगामी 15 अगस्त तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू है। बंद ऋतु में मत्स्य विक्रय, विनिमय और परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष के कारावास या 5 हजार रूपए जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने त्यौहारों के दृष्टिगत श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ बुधवार को पन्ना नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वर्तमान श्रावण माह में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों तथा आगामी 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मंदिर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीओपी एस.पी.एस. बघेल, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति, थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय ने विभिन्न दिवसों पर श्रद्धालुओं के आवागमन के दृष्टिगत सुलभ दर्शन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था व बेहतर आवागमन व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया गया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर को भी विभाग स्तर पर समय पूर्व जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए कहा।

# रेंज धरमपुर एवं अजयगढ़ के वन अमले की संयुक्त कार्यवाही में लगभग 20 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से कराया गया मुक्त

**पन्ना।** वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के आदेश पर अमल करते हुए आज दिनांक 22.7.2025 को उत्तर वन मंडल पन्ना के धरमपुर रेंज अंतर्गत बीट कुडरा में वरिष्ठ अधिकारियों के उचित मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर की उपस्थिति में रेंज धरमपुर एवं अजयगढ़ के वन अमले की संयुक्त कार्यवाही में लगभग 20 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। संपूर्ण कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी, उप वन क्षेत्रपालों,वनपालों एवं वनरक्षकों के अतिरिक्त पुलिस बल एवं वन विभाग की नींव की ईंट, वन समिति के सुरक्षा श्रमिकों एवं वाहन चालकों ने भी सुबह 7 बजे से लेकर कार्यवाही पूर्ण होने तक उत्साह पूर्वक अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन किया। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई 2025 को यह आदेश दिया था कि वन विभाग के कब्जे के बाहर



ऐसी भूमि जो वन विभाग के रूप में अधिसूचित है राजस्व विभाग के कब्जे में है अथवा राजस्व विभाग द्वारा निजी व्यक्तियों और संस्थाओं को आवंटित किया गया है जिस पर अवैध अतिक्रमण किया गया है उसे वन विभाग को सौंपा जाय। एवं राजस्व विभाग के अंतर्गत ऐसी वन भूमि जिस पर वन विभाग के अतिरिक्त किसी अन्य का कब्जा या अतिक्रमण हो जिसे वापस लेना या खाली कराना सार्वजनिक हित में संभव नहीं हो, तो



ऐसी स्थिति में राजस्व वन भूमि की कीमत वसूल की जाए और उस राशि का उपयोग वृक्षारोपण, वन पुनर उत्पादन एवं संरक्षण के लिए किया जाय। इसी तारतम्य में कुछ समय पूर्व अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने सभी कमिश्नर एवं कलेक्टरों को राजस्व विभाग के कब्जे की वन भूमि को साल भर के भीतर वन विभाग को सौंपने के निर्देश दिए थे जिससे आवश्यक कार्यवाही उपरांत सर्वोच्च न्यायालय को अवगत कराया जा सके।

# विद्यासागर गौ संवर्धन समिति परिसर गौ सदन में किया गया वृक्षारोपण

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

**पन्ना।** देश के प्रधानमंत्री के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 को शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है,जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि एक हरे और अधिक सशक्त भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और माता के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल जिले को हरा भरा बनाना है बल्कि सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित कर एक स्तंभ और टिकाऊ भविष्य की नींव रखना है। इसी कार्यक्रम के तहत पवई से 7 किलोमीटर दूर कटनी मार्ग पर स्थित श्री विद्यासागर गौ संवर्धन समिति गौ सदन में वन विभाग के तत्वाधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश सोम पांडे एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा (डब्बू भैया) ने शामिल होकर एक पेड़ मां के नाम लगाया तथा उसकी सुरक्षा का वचन लिया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल हुए एडीजे सोम पांडे ने कहा कि अच्छे कार्य की शुरुआत वृक्षारोपण से ही होती है, भगवान कृष्ण ने भी गीता में अपने आप को वृक्षानाम अश्वेत अश्विन कहा है।



पंचवटी की स्थापना करके भगवान राम ने अपना अभियान शुरू किया था, सभी के आशीर्वाद से ही भगवान राम को विजय प्राप्त हुई थी। हमारी भारतीय संस्कृति में पेड़ों का बहुत महत्व है। गरुड़ पुराण का अगर आप अध्ययन करेंगे तो आपको पता चलेगा कि अगर आपके घर में तुलसी का पौधा लगा हुआ है तो यमदूत असमय प्रवेश नहीं कर सकते। वहीं जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि हम सभी को अपने पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा के लिए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा गोसदन में भूसा गोदाम का भी लोकार्पण किया गया, इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी सहित गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष, समिति सदस्य, भाजपा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दक्षिण पन्ना वन मण्डल में मिला दुर्लभ घोड़े के बाल जैसा कीड़ा, वैज्ञानिक रूप से है निरापद और उपयोगी

**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के मोहन्द्रा परिक्षेत्र अंतर्गत मोतीडोल बीट में वनकर्मी श्री अरविंद कुमार विश्वकर्मा द्वारा एक दुर्लभ और रोचक जीव कृ जिसे स्थानीय भाषा में 'घोड़े के बाल जैसा कीड़ा' कहा जाता है कृ का हाल ही में अवलोकन किया गया है। यह जीव वैज्ञानिक वर्गीकरण में नेमाटोमोर्फा समूह से संबंधित है। यह अत्यंत पतला, धागे जैसा होता है और हल्के भूरे या सफेद रंग में अक्सर गीली मिट्टी या जलस्त्रोतों के पास उलझे हुए समूह में दिखाई देता है। अपनी अनोखी आकृति के कारण यह ग्रामीणों में भ्रम और अंधविश्वास का कारण बनता है, किंतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह जीव पूरी तरह निरापद है कृ न तो यह मनुष्यों को हानि पहुँचाता है, न ही किसी बड़े जीव को। रोचक जीवन चक्ररू हॉर्सहेयर वॉर्म अपने जीवन की शुरुआती अवस्था में झिंगुर, टिड्डा



जैसे कीटों के शरीर के भीतर परजीवी बनकर निवास करता है। परिपक्व होने पर यह कीट के मस्तिष्क को प्रभावित कर उसे जल की ओर ले जाता है, जहाँ यह जीव बाहर निकलता है और फिर कुछ समय स्वतंत्र रूप से जल या गीले वातावरण में जीवन बिताता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रक्रिया को देखकर कई बार भ्रम फैलता है कि यह कीड़ा पानी से उत्पन्न हो गया है, जिससे अंधविश्वास जन्म लेते हैं। पर्यावरणीय भूमिकारू यह कीड़ा पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं बल्कि लाभकारी है। यह कीटों की संख्या को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करता है और पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है। जैव विविधता का यह सूचक प्राणी इस बात का प्रमाण है कि मोतीडोल बीट का पर्यावरण कितना समृद्ध और संतुलित है। वन विभाग की अपीलरू दक्षिण पन्ना वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे ऐसे जीवों को देखकर भयभीत न हों, उन्हें नुकसान न पहुँचाएँ। इसके बजाय वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएँ और प्रकृति की इस अद्भुत रचना के प्रति सम्मान भाव रखें। विभाग का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को सही जानकारी देकर अंधविश्वासों से मुक्त किया जाए और जैव विविधता की महत्ता को समझाया जाए।

## जिले के शाहनगर जनपद अंतर्गत गिधौड़ा गांव में उल्टी-दस्त का कहर, 40 ग्रामीण बीमार

### लोकेशन- गिधौड़ा, पंचायत खमतरा, शाहनगर

**पन्ना।** शाहनगर क्षेत्र की खमतरा पंचायत अंतर्गत ग्राम गिधौड़ा में उल्टी-दस्त का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। 21 जुलाई से आज बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तक कुल 40 ग्रामीणों के बीमार होने की पुष्टि हुई है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बीएमओ डॉक्टर सर्वेश कुमार लोधी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में लगातार कैंप लगाकर



मरीजों की पहचान और उपचार में जुटी है। ग्रामीणों को व्है, ज़रूरी दवाइयां एवं प्राथमिक उपचार प्रदान किया जा रहा है। मरीजों की संख्या में इज़ाफा होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, बीएमओ डॉ. लोधी ने एसडीएम शाहनगर से संपर्क कर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, जिससे किसी आपात स्थिति में उचित कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे उबला हुआ पानी पिएं, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और किसी भी लक्षण के सामने आते ही तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

# पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना मे ट्रैफिक वार्डन सदस्यों की बैठक का किया गया आयोजन

**अच्छा कार्य करने लाले ट्रेफिक वार्डन को किया गया सम्मानित**

**बैठक के दौरान शासन की राहबीर योजना, कैशलेस योजना के लाभों एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित योजनाओं की दी गई जानकारी एवं ष्नशे से दूरी है जरूरीष अभियान में सहभागिता हेतु किया गया प्रेरित**

**पन्ना।** पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह चौहान की में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार के नेतृत्व में ट्रैफिक वार्डन सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, ट्रैफिक वार्डनों की




भूमिका को और अधिक सक्रिय बनाना तथा सामाजिक जागरूकता अभियानों में सहभागिता सुनिश्चित करना था। 'बैठक में निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विचार-विमर्श एवं मार्गदर्शन दिया गया। राहबीर योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की गोल्डन आवर में मदद कर जीवन रक्षा के लिए प्रेरित किया गया। योजना के अंतर्गत ऐसे मददगारों को 25,000 नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। कैशलेस योजना के लाभों एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी साझा की गई। नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत सभी ट्रैफिक वार्डनों को नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रेरित किया गया और समाज में सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की गई। शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारु व सुरक्षित बनाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ट्रैफिक वार्डनों को शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी ट्रैफिक वार्डन सदस्यों से अपील की कि वे यातायात व्यवस्था में और अधिक सक्रियता से सहयोग करें एवं नशा मुक्ति अभियान में भी समाज को जागरूक करने हेतु आगे आएं। उन्होंने ट्रैफिक वार्डन की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की।

# सुचारू रूप से नहीं शुरू हो पारही नीलामी

**कृषि उपज मंडी में नीलामी बंद पड़ी कुछ ही दिनों पश्चात आदेश हुए बेअसर**




**देवेंद्रनगर।** कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर में किसानों के अनाज की नीलामी कई दिनों से बंद थी जिसकी खबर प्रमुखता से दिखाने के बाद पन्ना कलेक्टर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कृषि उपज मंडी में नीलामी प्रक्रिया शुरू शुरू करने के निर्देश दिए थे जिसका परिपालन कृषि उपज मंडी देवेंद्र नगर में देखने को मिला जो कि लगभग एक सप्ताह नीलामी प्रक्रिया चलती रही इसके बाद फिर बंद कर दी गई है वहीं अधिकारियों मैं व्यापारियों से साथ गांठ कर के व्यापारियों के दुकानों में ही खुलेआम किसानों को लूटने को मजबूर कर दिया है जिससे किसानों का अनाज कम कीमत में व्यापारी खरीदते हैं नीलामी न होने की वजह से किसान मजबूर होकर व्यापारियों की दुकानों में बेचता है वही अधिकारियों द्वारा कागजों में कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर चल रही है वहीं कृषि उपज मंडी प्रांगण में गंदगी का अंबर लगा हुआ है और टीन सेटों के नीचे गोबर ही गोबर बिखरा पड़ा हुआ है अब देखना यह होगा कि कब वरिष्ठ अधिकारी मंडी प्रांगण में साफ सफाई और नीलामी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलवाएंगे यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा।

## पांच दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली कार्यक्रम 24 जुलाई से




**पन्ना।** पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण कार्यक्रम में सतत एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनअभियान परिषद द्वारा समस्त विकासखण्ड के सेक्टरों में हरियाली अमावस्या के अवसर पर 24 जुलाई से आगामी 5 दिवस तक नवांकुर सखी हरियाली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के तहत प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौधरोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगियां में पौधे विकसित करेंगी। जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से हर विकासखण्ड में 5500 पौधे तैयार होंगे। विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ मां के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि में परिवार महत्व के अवसरों पर रोपित किया जाएगा। ये पौधे अभियान अंतर्गत आगामी वर्षों में भी रोपित होंगे।जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक अनीता जाटव ने बताया कि गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के पोस्टर का विमोचन भी किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के साथ नवांकुर सखी नशामुक्ति, परिवार संस्कार विकसित करने और स्वरोजगार की दिशा में भी कार्य करेंगी।

## पुलिस अधीक्षक ने क्यूआर कोड जारी कर करवाई नई व्यवस्था, वरिष्ठ अधिकारियों तक सीधे पहुंचेगी कार्य शैली




**अमानगंज।** आम नागरिकों की सुविधा एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना स्तर पर क्यूआर कोड प्रणाली की शुरुआत की गई। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा औपचारिक रूप से क्यूआर कोड जारी किया गया। जिससे आमजन सीधे अपने मोबाइल से स्कैन कर पुलिस थाना में पुलिस द्वारा कैसा बर्ताव रहा आप संतुष्ट हैं या असंतुष्ट हैं जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। इस पहल से पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित होगी। इस पर थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी इस नई प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु तैयार किए गए हैं।

## मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने परिणाममूलक प्रयास करें- कमिश्नर

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने के लिए परिणाममूलक प्रयास करने के निर्देश सागर संभाग के चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए महिलाओं और बच्चों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी सतत रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर सागर संभाग श्री सुचारी ने उक्त निर्देश आज स्वास्थ्य सेवाओं की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में एनीमिया स्क्रीनिंग कार्यक्रम, वल्नरेबल पापुलेशन स्क्रीनिंग कार्यक्रम, डायबिटीज स्क्रीनिंग कार्यक्रम, टेली मेडिसिन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के लगभग सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और परिणाममूलक बनाने की नितांत आवश्यकता है। कमिश्नर ने सागर संभाग में काम नहीं करने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं और कर्मचारियों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर को दिए। कमिश्नर सागर संभाग ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को निर्देश दिए कि वह जिलों में जाकर चिकित्सकों की बैठकें लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की सतत समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नागरिकों और ग्रामीणों को मिलना ही चाहिए। यह व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। काम नहीं करने वाले चिकित्सकों और मैदानी कर्मचारियों के विरूद्ध सतत कार्यवाही हो। संभागायुक्त ने टेलीमेडिसन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि टेलीमेडिसन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कराएं। लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए।

# देवेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल चोरी की दो घटनाओं का खुलासा कृ तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार

### चोरी गई दोनों मोटर साइकिलें बरामद कीमती करीब 1 लाख रूपये की बरामद

**पन्ना।** पन्ना पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा के दिशा-निर्देशन में देवेन्द्रनगर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो चोरी की गई मोटरसाइकिलें (एक अपाचे और एक हीरो डीलक्स) कीमती करीब 01 लाख रूपये की बरामद की गई हैं। थाना देवेन्द्रनगर में अलग-अलग फरियादियों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्टें दर्ज कराई गई थीं, जिनके आधार पर थाना देवेन्द्रनगर में दो अलग-अलग अपराध क्रमांक 386/25 एवं 394/25, धारा 303 (2) ठछै के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध दर्ज किए गए थे। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशान में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरीक्षक वहीद अहमद खान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए घटना स्थलों के आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये साथ ही मामले के संदेहियों की पहचान हेतु जानकारी का आदान-प्रदान आसपास के लोगो के साथ किया गया एवं आरोपियों की जानकारी हेतु पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, 22 जुलाई 2025 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तीन संदिग्धों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। सघन पूँछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातों को स्वीकार करते हुए चोरी की गई मोटरसाइकिलों पुलिस टीम को बरामद कराया गया जिन्हे पुलिस टीम द्वारा जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।




**गिरफ्तार आरोपीगण –** 1.सूरज उर्फ चिकनी कुशवाहा, पिता राजू कुशवाहा, उम्र 23 वर्ष निवासी - बारह पत्थर, नागौद, जिला सतना 2. मनीष विश्वकर्मा, पिता रामसुदर्शन विश्वकर्मा, उम्र 35 वर्ष निवासी - ग्राम पिपरी कला, थाना उचेहरा, जिला सतना 3. शरद विश्वकर्मा, पिता सुरेन्द्र उर्फ पप्पू विश्वकर्मा, उम्र 23 वर्ष निवासी गिंजाय, थाना नागौद, जिला सतना।

**जप्त सामग्री–** आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एक अपाचे मोटर साइकिल कीमती करीब 60 हजार रूपये एवं एक हीरो डीलक्स मोटर साइकिल कीमती करीब 40 हजार रूपये सहित कुल 01 लाख रूपये का मशरूका जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान–** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि वहीद अहमद खान एवं थाना देवेन्द्रनगर का पुलिस स्टॉफ और पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# पुलिस ने ई रिक्शा में पर्स चोरी करने वाली महिला को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

### चोरी किया गया पर्स, सोने चांदी के आभूषण, नगद राशि, अन्य सामग्री कुल कीमत करीब ढाई लाख रुपए बरामद



**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्व फरियादिया जो अपने बहन एवं बहनोई को लेने रेलवे स्टेशन गई थी, वापस रिक्शा से आते समय रास्ते में बहन का पर्स जिसमें सोने चांदी के आभूषण एवं नगद राशि थी, पर्स चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा रिक्शा में सवार होकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाली महिला आरोपी की जन सहयोग के माध्यम से पहचान की गई एवं गिरफ्तार किया गया। चोरी की घटना को अंजाम देने वाली अभियुक्ता कोमल राजपूत पिता दीपक राजपूत निवासी ग्राम देवली जिला पलवल (हरियाणा) के पास से चोरी किया गया पर्स जिसमें 22000 नगद राशि सोने एवं चांदी के आभूषण, एटीएम कार्ड पैन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज सामग्री कुल कीमत करीब ढाई लाख रुपए बरामद किया गया। अभियुक्ता को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक बाल्मिक चौबे, सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी आरक्षक शुभम महिला आरक्षक पुष्पा, मधु , उपासना एवं क्षेत्र वासियों की भूमिका रही।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली, नियमितीकरण और तकनीकी समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**छतरपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की अध्यक्ष स्वाति राय और हरकुंवर अहिरवार के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने नियमितीकरण और पोषण आहार वितरण में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया।
महावीर मंदिर मोटे से रैली की शुरुआत करते हुए प्रदर्शनकारी छत्रसाल चौराहा और आकाशवाणी तिराहा होते हुए नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एडीएम को सौंपा।
प्रदर्शनकारियों ने पोषण आहार वितरण के दौरान फेस कैप्चरिंग में आ रही तकनीकी समस्याओं को शीघ्र हल करने की मांग की। साथ ही कार्यकर्ताओं ने कहा कि समय



पर पोषण आहार वितरित नहीं हो पा रहा है, जिससे हितग्राहियों को परेशानी हो रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी नियमितीकरण की मांग को दोहराते हुए कहा कि वे लंबे समय से सेवा दे रही हैं, इसके बावजूद उन्हें स्थाई नहीं किया गया है। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।



## अधिकारियों के साथ पुलिस बल ने निकाला पैदल मार्च

खजुराहो।

पर्यटन नगरी खजुराहो में सुरक्षा की दृष्टि से अपराधों को रोकने और आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए खजुराहो नगर में नवागत एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल ने खजुराहो टीआई सुरभि शर्मा के साथ पुलिस बल लेकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस ने आमजनता को शांति का तो आपराधिक प्रवत्ति वालों को कड़ी कार्यवाही का संदेश दिया।

# बीच सड़क पर बुजुर्ग के साथ मारपीट, वीडियो वायरल

### दो लोगों पर मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के चंद्रनगर इलाके में सोमवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो युवकों श्रीराम दुबे और उसके भाई दिप्पू दुबे ने एक 60 वर्षीय भगवाधारी बुजुर्ग महेंद्र नायक की सरेआम डंडों से पिटाई कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल की टक्कर भैंसों से हो जाने के बाद आरोपियों ने अपना गुस्सा पूजा-पाठ कर लौट रहे बुजुर्ग महेंद्र नायक पर निकाल दिया। बुजुर्ग को बीच सड़क पर पीटा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस अमानवीय कृत्य की तस्वीरें और वीडियो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गईं। घटना के बाद आरोपी श्रीराम दुबे और दिप्पू दुबे, बुजुर्ग के खिलाफ ही झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने चंद्रनगर पुलिस चौकी पहुंच गए। अगर यह पूरी घटना सीसीटीवी में दर्ज न होती, तो निर्दोष बुजुर्ग पर ही कार्रवाई की आशंका थी। वहीं पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

# जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से बिगड़े हालात, शाम को हड़ताल खत्म



**छतरपुर।** जिला अस्पताल छतरपुर में सफाई कर्मचारियों को पिछले एक माह से मानदेय न मिलने के चलते मंगलवार को सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के कारण अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पूरी तरह से ठप हो गई, जिससे अस्पताल में गंदगी फैल गई और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल की सफाई व्यवस्था कृष्णा सिक्योरिटी सर्विस नामक निजी कंपनी के जिम्मे है। कंपनी के सुपरवाइजर विवेक सैनी ने बताया कि सफाई कर्मचारियों का पिछले एक माह का मानदेय बकाया है, जो आगामी 4 तारीख तक दे दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी कंपनी को शासन स्तर से पिछले 9 माह से भुगतान नहीं मिला है, इसके बावजूद वे स्वयं सफाई कर्मियों को लगातार भुगतान कर रहे हैं। सुपरवाइजर विवेक सैनी ने कहा कि उनकी समझाइश और आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारियों ने शाम को हड़ताल समाप्त कर दी और पुनः काम पर लौट आए।

# नवागत सीएसपी बोले- अपराध नियंत्रण पर रहेगा जोर



**छतरपुर।** नवागत नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) ने शहर में अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुधार और नशा मुक्ति जैसे मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता देने की बात कही है। उन्होंने पीड़ितों की सुनवाई और जनता-पुलिस समन्वय को मजबूत करने पर भी जोर दिया। उल्लेखनीय है कि नवागत सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने हाल ही में छतरपुर में कार्यभार संभाला और पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के अनुसार प्राथमिकताएं तय कीं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई की जाएगी, खासकर महिला संबंधी अपराधों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई होगी। शहर में अवैध हथियारों का चलन एक बड़ी समस्या है, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अभियान चलाया जाएगा। खासकर युवाओं को अवैध हथियारों के व्यापार से दूर रखने और लिस्टेड गुंडा तत्वों पर नकेल कसने के लिए बाउंडओवर जैसी कार्रवाइयां की जाएंगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू करने और बेसिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने का भी प्रयास होगा। सीएसपी ने डीजीपी की माइक्रो बीट स्तर की सूचना संग्रहण परियोजना को लागू करने की बात कही, ताकि पुलिस कार्रवाई को और प्रभावी बनाया जा सके। नशा मुक्ति और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सीएसपी ने जनता से अपील की कि यदि किसी को थाने में शिकायत दर्ज करने में समस्या हो, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# रजिस्ट्री, नामांतरण और नपा में दर्ज होने के बावजूद प्रशासन ने तोड़ी महिला की बाउंड्री वॉल, कलेक्टर से न्याय की गुहार

### पीड़ित परिवार ने सौंपा ज्ञापन, सीएम हेल्पलाइन में भी की शिकायत



**छतरपुर।** शहर के मस्तान शाह कॉलोनी स्थित रानी तलैया के समीप स्थित भूमि पर शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया। इस कार्रवाई में एक महिला द्वारा वैध रूप से खरीदी गई भूमि की बाउंड्री वॉल तोड़ दी गई, जिससे पीड़ित परिवार ने कलेक्टर और एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। आवेदिका तरन्नुम बानो पत्नी मोहम्मद इशरत ने बताया कि उन्होंने 29 मई 2023 को विक्रेता लल्लाबाई कुशवाहा से खसरा नंबर 2511 से 0.020 हेक्टेयर भूमि (2148 वर्ग फीट) खरीदी थी। इस भूमि की रजिस्ट्री, नामांतरण और नगरपालिका में प्लॉट दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। उन्होंने सभी वैध दस्तावेजों के आधार पर भूमि की रसीद भी कटवाई और शुल्क का भुगतान भी किया। तरन्नुम बानो का आरोप है कि 21 जुलाई 2025 को प्रशासनिक अमला राजस्व, नगर पालिका और सिटी कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में बिना कोई पूर्व सूचना दिए उनकी बाउंड्री वॉल को जेसीबी मशीन से तोड़ गया। पीड़िता का कहना है कि उनके नाम पर कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था, बल्कि उनके पति मोहम्मद इशरत के नाम पर नोटिस भेजा गया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि भूमि का खसरा नंबर गलत स्थान पर है, तो प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि जिस स्थान पर सही खसरा नंबर आता है वहां उन्हें भूमि सौंपी जाए। अन्यथा विक्रेता से उनका पैसा वापस दिलाया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि रानी तलैया क्षेत्र में अन्य लोगों के मकान भी बने हुए हैं, लेकिन केवल उनके प्लॉट पर ही प्रशासन ने कार्रवाई क्यों की? इस संबंध में पीड़ित परिवार ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कर न्याय की मांग की है।

### छतरपुर की बेटी क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड में रचा इतिहास

# तीसरे वनडे में झटके 6 विकेट, छतरपुर में मनाया गया जश्न

छतरपुर।

बीते रोज इंग्लैंड के चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले गए भारत और इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में भारतीय टीम ने 13 रनों से शानदार जीत हासिल कर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। छतरपुर के लिए यह मुकाबला इसलिए खास रहा, क्योंकि मुकाबले में 6 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाने वाली क्रांति गौंड़ छतरपुर की बेटी हैं। क्रांति के इस दमदार प्रदर्शन के बाद छतरपुर जिले के खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल है और उनके द्वारा जश्न मनाया जा रहा है।

गौरतलब है कि इंग्लैंड के चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले गए तीसरे वनडे मैच में जीत की हीरो कप्तान हरमनप्रीत कौर और छतरपुर जिले के घुवारा कस्बे की उभरती तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ रहीं, जिन्होंने अपने तूफानी प्रदर्शन से न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया। हरमनप्रीत कौर ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 84 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। उनकी पारी ने भारत को 318/5 का विशाल स्कोर खड़ा करने में मदद की। वहीं, 21 वर्षीय क्रांति गौड़ ने 9.5 ओवर में 5.28 की इकॉनमी से 52 रन देकर 6 विकेट झटके, जो उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय पांच विकेट हॉल थी। क्रांति ने इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाजों टैमी ब्यूमॉन्ट और एमी जोन्स को जल्दी आउट कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई और अंत में लॉरेन बेल का विकेट लेकर जीत पक्की की। जीत के



बाद कप्तान हरमनप्रीत ने अपनी प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी क्रांति के साथ शेयर की। गौरतलब है कि महिला वनडे क्रिकेट छह विकेट की उपलब्धि हासिल करने वाली क्रांति सबसे युवा तेज गेंदबाज बनी हैं।

## बुंदेलखंड की माटी से उभरी नायिका हैं क्रांति



बुंदेलखंड अंचल के छतरपुर जिले के छोटे से कस्बे घुवारा की बेटी क्रांति गौड़ ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी। 11 अगस्त 2003 को जन्मी क्रांति, छह भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। आर्थिक रूप से साधारण परिवार से आने वाली क्रांति के पिता ने बाधाओं के बावजूद उन्हें क्रिकेट अकादमी में दाखिला दिलाया, जबकि उनके सबसे बड़े भाई मयंक सिंह उनके सबसे बड़े प्रेरक रहे। क्रांति ने टेनिस-बॉल क्रिकेट से शुरुआत की और 14 साल की उम्र में लेदर-बॉल क्रिकेट में कदम रखा था और आज वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मिट्टी का मान बढ़ा रही हैं। अपने प्रदर्शन से क्रांति ने साबित किया है कि छोटे कस्बों से भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं।

## क्रांति के हुनर को तराशने में डीसीसीए की अहम भूमिका -

युवा महिला क्रिकेटर क्रांति गौंड़ के हुनर को तराशने में छतरपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीसीए) की अहम भूमिका रही है। डीसीसीए के अध्यक्ष विनय चौरसिया और उनके कोच राजीव बिल्थरे की मेहनत ने क्रांति की प्रतिभा को तराशकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया है। क्रांति के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विनय चौरसिया ने कहा कि- आज क्रांति ने पूरे देश का मान बढ़ाया है और छतरपुर जिले के लिए गर्व का क्षण है। वहीं क्रांति के कोच राजीव बिल्थरे ने क्रांति की मेहनत और अनुशासन की तारीफ करते हुए कहा कि वह भविष्य में और बड़े कीर्तिमान स्थापित करेंगी।

# पेशी पर जाने की कहकर निकला युवक संदिग्ध हालात में मिला मृत

### परिजनों को सोशल मीडिया से मिली जानकारी, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** जिले में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विक्की गोस्वामी (22 वर्ष) पिता लवकुश गोस्वामी, निवासी हनुमान टोरिया के पीछे, पठापुर रोड, मंगलवार को घर से पेशी पर जाने की कहकर निकला था। इसके बाद से वह लापता हो गया और उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों को बुधवार दोपहर सोशल मीडिया के माध्यम से युवक की मौत की सूचना मिली, जिसके बाद वे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। मौके पर कोतवाली पुलिस भी पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। मृतक युवक का शव जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के पीछे संदिग्ध हालात में मिला। इस घटना की सूचना 23 जुलाई को दोपहर करीब 3:30 बजे पुलिस चौकी जिला अस्पताल को दी गई थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। युवक की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इनाम किया उद्घोषित

**छतरपुर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर इनाम की उद्घोषणा की जा रही है। फरार इनामी वांछित अपराधियों, स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया जा रहा है।**

थाना कोतवाली के धोखाधड़ी प्रकरण में आरोपी सल्ला यादव पिता विदेशी यादव बबलू यादव पिता घासीराम यादव निवासी ग्राम खरयाना थाना कटेरा जिला झांसी एवं कुलदीप यादव पिता बलबीर यादव निवासी ग्राम सलारपुरा पनवाड़ी जिला महोबा पर 5 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है। इसी तरह थाना सिविल लाइन के चोरी के प्रकरण में आरोपी शनि नाथ पिता छिद्दन नाथ एवं राजेश श्रीवास पिता परसद्दी श्रीवास निवासी अनगढ़ टोरिया छतरपुर पर पांच हजार का इनाम, थाना नौगांव के दुष्कर्म पास्को एक्ट के प्रकरण में आरोपी समीर राईन एवं प्रीति अहिरवार निवासी ग्राम मऊ सानिया पर तीन हजार एवं एक अन्य प्रकरण में आरोपी पर 10 हजार रूपए का इनाम, थाना बक्सवाहा के एक चोरी के प्रकरण में आरोपियों पर 10 हजार रूपए का इनाम, थाना राजनगर के चोरी के प्रकरण में आरोपी मिलन रैकवार निवासी ग्राम खजवा थाना राजनगर पर तीन हजार रूपए का इनाम, थाना भगवा के एक प्रकरण में आरोपी पर 5 हजार रूपए एवं दूसरे प्रकरण पर तीन



हजार के इनाम की उद्घोषणा की गई है। विगत दिनों में छतरपुर पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत फरार इनामी वांछित अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं थाना कोतवाली पुलिस ने 8000 के इनामी लूट के प्रकरण के आरोपी सियाराम कंजर ग्राम कंचनपुर थाना चंदला को गिरफ्तार किया है। थाना चंदला पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी 5000 के इनामी कल्ला यादव निवासी ग्राम बिलहरी, थाना गौरिहार पुलिस ने हत्या के आरोपी 5000 के इनामी में से जितेंद्र उर्फ जीतू अहिरवार निवासी ग्राम गहबरा को गिरफ्तार किया है।

# आईसीजेएस पायलट प्रोजेक्ट के तहत दिया गया डिजिटल पुलिसिंग का प्रशिक्षण



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन के निर्देशन में आईसीजेएस पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत मंगलवार को बिजावर के अनुविभागीय कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
यह प्रशिक्षण एसडीओपी बिजावर अजय रिठौरिया एवं अनुभाग बिजावर के थाना प्रभारियों की उपस्थिति में सीसीटीएनएस प्रभारी उपनिरीक्षक ओमशंकर सिंह एवं आरक्षक अनिल मांझी द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें अनुभाग बिजावर के सभी थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे।
प्रशिक्षण में अनुसंधान प्रक्रिया को डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित करने हेतु ई-साक्ष्य एवं ई-रक्षक जैसे डिजिटल एप्स की उपयोगिता, रिकॉर्ड संधारण एवं संचालन की जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मैनुअल प्रक्रिया के स्थान पर डिजिटल प्रक्रिया को अपनाने हेतु लाइव उदाहरणों के माध्यम से समझाइश दी गई।
साथ ही माननीय न्यायालयों से प्राप्त ई-समंस एवं ई-वारंट की डिजिटल तामिली की विस्तृत प्रक्रिया का भी प्रशिक्षण दिया गया, जिससे त्वरित न्यायिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# श्रीकृष्णा यूनिवर्सिटी में व्यास पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**छतरपुर।** भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रांत एवं श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में व्यास पूजन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्रमणि, गुरुकुल प्रकल्प प्रमुख विशिष्ट अतिथि उपकुलगुरु डॉ.गिरीश त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने की।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्रमणि, गुरुकुल प्रकल्प प्रमुख ने अपने वक्तव्य में कहा कि अज्ञान को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वह गुरु है। आश्रमों में गुरु-शिष्य परम्परा का निर्वाह होता रहा है। भारतीय संस्कृति में गुरु को अत्यधिक सम्मानित स्थान प्राप्त है। भगवान राम और कृष्ण ने भी गुरूकुल में रहकर शिक्षा ग्रहण की। भारतीय इतिहास में गुरु की भूमिका समाज को सुधार की ओर ले जाने वाले मार्गदर्शक के रूप में होने के साथ क्रान्ति को दिशा दिखाने वाली भी रही है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है।
भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने अपने वक्तव्य में भारतीय शिक्षण मंडल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय शिक्षण मण्डल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक आनुसंगिक संगठन है जो शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुनरुत्थान के उद्देश्य से कार्यरत है। इसकी स्थापना सन 1969 में रामनवमी के दिन हुई थी। भारतीय शिक्षा प्रणाली का मुख्य उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है,जिसमें ज्ञान,कौशल और मूल्यों का विकास शामिल है। इसका उद्देश्य छात्रों को न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक रूप से भी विकसित करना है, ताकि वे एक जिम्मेदार और उत्पादक नागरिक बन सकें।
विशिष्ट अतिथि उपकुलगुरु डॉ. गिरीश त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि यद्यपि गुरु-शिष्य परंपरा का पारंपरिक स्वरूप आधुनिक विश्व में चुनौतियों का सामना कर रहा है, फिर भी इसका सार प्रासंगिक बना हुआ है। मार्गदर्शन कार्यक्रम, व्यक्तिगत शिक्षण पहल और यहाँ तक कि ऑनलाइन समुदाय भी इस प्राचीन परंपरा की भावना को मूर्त रूप दे सकते हैं। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षण मंडल छतरपुर इकाई के सचिव डॉ. आशीष कुमार तिवारी, सह सचिव डॉ.दीपेंद्र सिंह एवं अन्य सदस्य डॉ. विजय चतुर्वेदी, अदिति त्रिपाठी, गौरी तिवारी के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रान्त छतरपुर इकाई के अध्यक्ष माधवशरण पाठक ने तथा आभार भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रान्त छतरपुर इकाई के सचिव डॉ. आशीष कुमार तिवारी ने व्यक्त किया।



# चंद्रशेखर आजाद जी क़ी जयंती पर फ्रांस एवं इटली मे आयोजित हुए कार्यक्रम

**छतरपुर।** दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं मतँगेश्वर सेवा समिति खजुराहो के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आज़ाद जी की जयंती पर फ्रांस के वेंतनाक शहर (तुलुस) एवं इटली के ला क्वीला ( रोम ) में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमे सर्वप्रथम भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया। समिति के पंडित सुधीर शर्मा ने बताया कि भारत को आजाद कराने के लिए कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी थी। उन्हीं महान स्वतंत्रता सेनानियों में एक नाम चंद्रशेखर आजाद का है आज देश के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन है। यह एक ऐसे युवा क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपनी जान दे दी। उन्होंने ठान लिया था कि वे कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और अंग्रेजों की गुलामी की हुकूमत से खुद को आखिरी सांस तक आजाद रखा। उन्होंने बेहद कम उम्र में ही अपनी जिंदगी को देश के नाम कर दिया था उनके इस बलिदान को हम कभी नहीं भूला पाएंगे, देश हमेशा उन्हें याद रखेगा। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे इंजीनियर सुरेंद्र गुप्ता, अंजलि गुप्ता, माधुरी गुप्ता, प्रोफेसर श्रीमती ओदरीन, योगा फेडरेशन साउथ फ्रांस इंडियनस ईन तुलुस ऐशो, एयरबस में कार्यरत भारतीय इंजीनियर, ब्रह्म कुमारी, ओशो, हरे रामा हरे कृष्णा ( इस्कॉन ) के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# कन्या स्कूल बकस्वाहा में पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक



**बकस्वाहा।** नशे से दूरी है जरूरी पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को पी.एम. श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के साथ जनसंवाद कर उन्हें नशे से दूर रहने और अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही छात्राओं व स्कूल स्टाफ को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ भी दिलाई गई। यह अभियान डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी अगम जैन, एडिशनल एसपी विदिता डागर के निर्देशन में तथा एसडीओपी रोहित आलावा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुनीता विंदुआ और एसआई अवधेश दुबे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि रास्ते में कोई नशेड़ी परेशान करता है या अभद्र टिप्पणी करता है, तो बिना डर के तुरंत पुलिस को सूचना दें। थाना प्रभारी सुनीता विंदुआ ने ग्रामीण महिलाओं से भी अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में उत्पात मचाता है या घरेलू हिंसा करता है, तो इसकी शिकायत थाने में जरूर करें। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य अरविंद तिवारी, विद्यालय स्टाफ तथा पुलिस बल के सदस्य मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में 'नशे से दूरी है ज़रूरी' अभियान में छात्रों ने ली शपथ




रीवा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में आयोजित किये जा रहे नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय निर्देश पर त्योंथर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य किशोरों, युवाओं और अन्य नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। शासन के उच्च शिक्षा विभाग के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई ने संयुक्त रूप से किया।
प्रदेशव्यापी अभियान में उच्च शिक्षा विभाग के साथ-साथ सामाजिक न्याय, खेल एवं युवा कल्याण, तथा स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य शासकीय विभाग, स्वयंसेवी एवं धार्मिक संस्थाएं भी सक्रिय सहभागिता कर रही हैं।
महाविद्यालय के प्राचार्य ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि एक चरित्रवान और विवेकशील नागरिक का निर्माण करना है।
कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

## ई-रिक्शा का दबदबा अब बड़ा खतरा बनता जा रहा है।

# सड़कों पर ई-रिक्शा बेकाबू, ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान शुरू
# पहली बार 64 ई-रिक्शो पर हुई बड़ी कार्यवाही, 34 हजार का जुर्माना

रीवा।

शहर की यातायात व्यवस्था पर ई-रिक्शा का दबदबा अब बड़ा खतरा बनता जा रहा है। न तो इन वाहनों के तय रूट हैं और न ही कोई स्थायी स्टॉपेज, जिससे सड़कों पर अव्यवस्था फैलती जा रही है। इससे न केवल आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम भी लगातार बढ़ रहा है।




इस चुनौती से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाते हुए शहर भर में विशेष चेकिंग अभियान की शुरुआत की। इस कार्रवाई के तहत बड़ी संख्या में ऐसे ई-रिक्शा पकड़े गए जो या तो बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे थे या उनके चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। खास बात यह रही कि कई ई-रिक्शा नाबालिग बच्चों द्वारा चलाए जा रहे थे, जो पूरी तरह से कानून का उल्लंघन है। बता दे रीवा शहर में फिलहाल करीब 4000 ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। इनमें से एक बड़ी संख्या ऐसे चालकों की है जो नाबालिग हैं और जिन्हें परिवहन नियमों की बुनियादी जानकारी तक नहीं है। वहीं अनेक वाहन बिना बीमा, फिटनेस और रजिस्ट्रेशन के सड़कों पर दौड़ते पाए गए। ट्रैफिक थाना प्रभारी अनिमा शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया है। शहर के विभिन्न इलाकों जैसे बिछिया, घोघर और मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा की अचानक चेकिंग की जा रही है। जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे मिले, उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है, जिसमे ट्रैफिक पुलिस ने 64 ई-रिक्शा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिनसे 34 हजार 200 रुपए जुर्माना की राशि वसूली गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना बैध नम्बर प्लेट की 21, वर्दी न पहनने पर 23, नो पार्किंग में खड़ा कर सवारी चढ़ाने और उतारने पर 12, बिना वैध कागजात पर 6 और क्षमता से ज्यादा सवारी पाए जाने पर 2 कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस की टीम में सूबेदार अखिलेश कुशवाहा और अंजलि गुप्ता की भी सक्रिय भागीदारी रही। ।बॉक्स एजेंसी संचालकों द्वारा किराए पर चलाए जा रहे हैं ई रिक्शा पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि कई ई-रिक्शा स्थानीय एजेंसियों द्वारा किराए पर चलवाए जा रहे हैं, जिनके न तो कागजात पूरे हैं और न ही वैध संचालन की अनुमति। वही कुछ एजेंसी संचालक प्रतिदिन 300 रुपए के किराए पर ई-रिक्शा नाबालिगों या दस्तावेजहीन चालकों को सौंप रहे हैं। इस बाबत जब एजेंसी संचालकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अधूरी होने का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की।बॉक्स रूट बनाने की तैयारी ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि अनियंत्रित ई-रिक्शा अब शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को पंगु बना रहे हैं। चालकों की मनमानी के कारण जाम की स्थिति बनती है, साथ ही पैदल यात्रियों और अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यातायात विभाग ने नगर प्रशासन को पत्र भेजकर सुझाव दिए हैं कि ई-रिक्शा के लिए तय रूट, स्टॉपेज और यूनिक नंबरिंग सिस्टम लागू किया जाए।

# राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें, आमजन को प्राप्त होने वाली राजस्व संबंधी सेवाओं का नियत समय में लाभ दिलाना सुनिश्चित करें



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करते हुए आमजन को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ नियत समय सीमा में दिलायें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी राजस्व न्यायालय व कार्यालय समय पर खुले। लोगों के न्यायालयीन प्रकरणों की नियमित सुनवाई की जाय तथा राजस्व से संबंधित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण हो। उन्होंने कहा कि राजस्व के प्रकरण 3 माह से अधिक लंबित नहीं रहने चाहिए। सभी तहसीलदार पूर्व के लंबित प्रकरणों का 15 दिवस में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने नामांतरण के समय सीमा से अधिक दिनों तक लंबित प्रकरणों में संबंधित नायब तहसीलदारों को नोटिस देने तथा समय सीमा से अधिक दिनों से लंबित सेवाओं के लिये संबंधितों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने के निर्देश बैठक में दिये गये। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदाओं में प्रकरणों का परीक्षण कर एसडीएम को तत्परता से निराकृत कर संबंधितों को सहायता राशि प्रदाय करने के निर्देश दिये। उन्होंने आरसीएमएस में 2 से 5 वर्ष के लंबित प्रकरणों का निराकरण कर अभिलेख सुधार के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही किये जाने की बात कही। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी तहसील एक ग्रेड में रहे तथा 50 दिनों से अधिक दिनों से लंबित शिकायतों का निराकरण करें तथा जिले में संचालित हो रहे शिविरों में भी निराकरण करायें। उन्होंने संवाद से समाधान कार्यक्रम में बटवारा प्रकरणों का मौके पर निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में जनसुनवाई के प्रकरणों का निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। उन्होंने जिले में फार्मर रजिस्ट्री में अपेक्षित प्रगति न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा तत्परता से कार्य किये जाने के निर्देश दिये। भूअर्जन के संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होंने मनगवां एवं सिरमौर के तहसील भवन निर्माण के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश बैठक में दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, समस्त एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, जिला प्रबंधक ईगवर्नेंस आशीष दुबे, जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# निवेश क्षेत्र के वृद्धि हेतु प्रस्ताव संबंधी बैठक संपन्न

रीवा।



रीवा निवेश क्षेत्र के वृद्धि हेतु प्रस्ताव संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में संपन्न हुई। बैठक में महापौर अजय मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम सौरभ सोनवणे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रीवा विकास योजना के तहत वर्ष 2023 में नगर निगम में 10 ग्राम सम्मिलित किये जाने के फलस्वरूप निवेश क्षेत्र के कुल 27 ग्राम एवं संस्पर्शी 40 ग्राम सम्मिलित है। महापौर अजय मिश्र ने कहा कि शहर के बढ़ते हुए आकार के अनुरूप नये शहर के अनुसार जमीन के चिन्हांकन की प्रक्रिया आवश्यक है। विस्तृत कार्ययोजना के अनुसार शहर की सीमा के छूटे गये ग्रामों को भी सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव शामिल करें। उन्होंने सर्वे के अनुसार ग्रामों को जोड़े जाने की बात कही। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि नगर विस्तार जो ग्राम सम्मिलित किये जांय उनका परीक्षण कर कार्ययोजना में शामिल करें। नगर एवं ग्राम निवेश के सहायक संचालक नागेश पेंड्रो ने बताया कि रीवा निवेश क्षेत्र अन्तर्गत 40 ग्रामों के 7908.48 हेक्टेयर में शामिल 45684 जनसंख्या तथा नगर निगम क्षेत्र के 6591.97 हेक्टेयर की 2 लाख 35 हजार 654 जनसंख्या सहित कुल निवेश क्षेत्र 14500 हेक्टेयर होकर जनसंख्या 2 लाख 81 हजार 338 प्रस्तावित है।

## नवांकुर संस्था की आदर्श नर्सरी में तैयार किए गए 1800 पौधे



रीवा

जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संगठनों के सहयोग से वृक्षारोपण किया जा रहा है। जन अभियान परिषद से जुड़े स्वसहायता समूहों तथा नवांकुर संस्थाओं ने वृक्षारोपण के लिए बड़ी संख्या में पौध तैयार किए हैं। इस संबंध में संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि रीवा जिले के गंगेव विकासखण्ड में नवांकुर संस्था माँ बम्बा देवी सामाजिक समिति द्वारा विभिन्न प्रजातियों के 1800 से अधिक पौधे तैयार किए गए हैं। इन पौधों को ग्राम बेलवा पैकान में आदर्श नर्सरी में तैयार किया गया है। इन पौधों के रोपण के लिए तैयारियाँ की जा रही हैं। हरियाली अमावस्या में नवांकुर संस्था से जुड़ी महिलाओं द्वारा हरियाली यात्रा निकालकर इन पौधों का समारोह पूर्वक रोपण किया जाएगा। रीवा और मऊगंज जिले में अन्य नवांकुर संस्थाएं भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधे रोपित करने के लिए बड़ी संख्या में पौधे तैयार कर रही हैं।

## सरहंगों ने स्कूल में घुसकर शिक्षक से की मारपीट

# बच्चों को डांटने से रोका तो हुआ हमला सेमरिया थाना क्षेत्र के झौरा का मामला

रीवा।



जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के झौरा में स्थित शासकीय स्कूल के शिक्षक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है, जिसके बाद पीड़ित शिक्षक ने मामले की शिकायत सेमरिया थाना में की है। बताया गया कि स्कूल परिसर में खड़े ट्रैक्टर में चढ़कर स्कूल के बच्चे खेल रहे थे, इसी दौरान एक सरहंग पहुंचा और बच्चों के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। ऐसे में शिक्षक ने गाली देने से मना किया तो सरहंग ने शिक्षक के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान मारपीट कर रहे आरोपी युवक के साथ उसके परिवार के अन्य लोग भी मौजूद थे। फिलहाल स्कूल के अन्य शिक्षकों ने विवाद के दौरान मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया और मामले को शांत कराया। पीड़ित शिक्षक द्वारा मामले की शिकायत सेमरिया थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सेमरिया थाना के शासकीय माध्यमिक शाला झौरा में पदस्थ अतिथि शिक्षक विनोद साहू के साथ स्थानीय निवासी अभयराज सिंह द्वारा मारपीट की गई है। पीड़ित शिक्षक द्वारा थाने में की गई शिकायत के पुलिस ने अभय राज सिंह सहित उसके परिवार के तीन अन्य लोगों पर मारपीट किए जाने की शिकायत दर्ज करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# जीवनदायिनी नदियाँ और नाले अतिक्रमण की चपेट में, हटाने की मांग, नदी किनारे हो रहा निर्माण, एनजीटी के नियम ताक पर

रीवा।

शहर की जल जीवन रेखा मानी जाने वाली बीहर और बिछिया नदियों के अस्तित्व पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। इनके किनारों पर अवैध निर्माण और भू-माफियाओं की धड़ल्ले से हो रही प्लॉटिंग ने न केवल नदियों की प्राकृतिक धारा को बाधित किया है, बल्कि शहर में हर साल आने वाली बाढ़ की समस्या को भी गहरा कर दिया है। इस संबंध में नागरिकों ने कलेक्टर, तहसील हुजूर को एक ज्ञापन सौंपकर इन जलस्रोतों को बचाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता बी के माला सहित अन्य लोगों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचकर मांग उठाई कि हाल के दिनों में जलभराव ने बड़े खतरे की आशंका के संकेत दिए है इसलिए प्रशासन सख्ती के साथ कार्रवाई करे। ज्ञापन में बताया गया है कि बीहर और बिछिया नदियों के दोनों किनारों पर जमीन समतल कर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। इस प्रक्रिया में नदियों की चौड़ाई घटकर नाले जैसी हो गई है, जिससे वर्षा के समय पानी के बहाव में रुकावट आ रही है। नतीजतन, शहर के कई इलाकों में जलभराव और शहरी बाढ़ आम हो गई है। एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार, नदियों के



किनारे 50 मीटर तक किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं है, लेकिन इसके बावजूद पक्के मकान, फार्म हाउस और अन्य संरचनाओं का निर्माण जारी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम की उदार नीतियों और प्रशासन की अनदेखी ने इस गंभीर समस्या को जन्म दिया है। ज्ञापन में कलेक्टर से मांग की है कि राजस्व एवं नगर निगम स्तर पर जांच अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, नदियों और नालों को अवैध कब्जों से मुक्त कर पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।
नाले भी लुप्त होने की कगार परज्ञापन में यह भी बताया गया कि रीवा की जल निकासी से जुड़े कई छोटे-बड़े नाले जैसे चंदुआ, धिरमा, अमहिया, करहिया, रतहरा और अनंतपुर भी अतिक्रमण का शिकार हो चुके हैं। इन नालों पर मकान और दीवारें बनाकर नाले की चौड़ाई को संकुचित कर दिया गया है, जिससे जल निकासी की क्षमता घट गई है और बरसात में पानी रिहायशी इलाकों में भरने लगता है।बॉक्स ईको पार्क निर्माण पर भी सवालज्ञापन में बीहर नदी के बीचोंबीच स्थित टापू पर बने ईको पार्क पर भी सवाल उठाए हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि यह टापू रेड ज़ोन श्रेणी में आता है, जहां किसी भी तरह के पक्के निर्माण की अनुमति नहीं होनी चाहिए थी। बावजूद इसके, यहां कंक्रीट के ढांचे खड़े कर दिए गए हैं। ज्ञापनकर्ताओं ने मांग की है कि इस निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और टापू को उसके प्राकृतिक स्वरूप में बहाल किया जाए।

# एसडीएम सिरमौर ने विंध्य बी केयर हनी प्रोसेसिंग प्लांट का किया निरीक्षण, युवाओं को स्वरोजगार और शुद्ध शहद के उत्पादन को मिल रहा बढ़ावा



रीवा।

जिले के सिरमौर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरी में सोमवार को नव नियुक्त अनुविभागीय दंडाधिकारी सिरमौर ने विंध्य बी केयर हनी प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। यह प्लांट क्षेत्र में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ रहा है बल्कि शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण शहद का उत्पादन भी सुनिश्चित कर रहा है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने प्लांट की कार्यप्रणाली, मशीनों की कार्यक्षमता और शहद की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। उन्होंने शहद के संग्रहण, छानने, शुद्धिकरण और पैकेजिंग की प्रक्रिया को भी बारीकी से समझा। प्लांट के संचालक अरुण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि यह इकाई स्थानीय किसानों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दे रही है। साथ ही, सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों को तकनीकी सहयोग और विपणन सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। निरीक्षण के पश्चात एसडीएम ने विंध्य बी केयर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा ताकि इस कार्य को और अधिक विस्तार मिल सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पिपरी के सरपंच, सचिव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मऊगंज में जन संवाद में एसडीओपी सचि पाठक ने युवाओं को किया प्रेरित

## नशे से दूरी है बहुत जरूरी अभियान

**मऊगंज।** प्रदेश भर में नशे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक *नशे से दूरी है जरूरी* विषय पर राज्यव्यापी नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चालू किया गया है इस अभियान का युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया जा रहा है जिसमें स्वच्छ स्वस्थ और सुरक्षित समाज के लिए प्रेरित किया जा रहा है इस अभियान को पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के नेतृत्व में पूरे संभाग में विशेष रूप से संचालित किया जा रहा है उन्हीं के निर्देश पर मऊगंज जिले में पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह परिहार एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सचि पाठक के मार्गदर्शन में जिले भर में विद्यालयों महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों में नुक्कड़ नाटक रैलियों पोस्टर प्रतियोगिताएं लघु फिल्म प्रदर्शन और जनसंवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी क्रम में रविवार को जिले के





गायत्री मंदिर परिसर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीओपी मऊगंज श्रीमती सचि पाठक ने जन संवाद में उपस्थित छात्रों, अभिभावकों और आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज को भीतर से खोखला कर देता है इससे केवल एक व्यक्ति ही नहीं पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता हैउन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।एसडीओपी ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं और कई मामलों में कार्रवाई भी की जा चुकी है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और एक स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है।

## जिले में जन्मा एलियन शक्ल वाला नवजात

# नार्मल डिलीवरी से जन्मा बच्चा, शरीर असामान्य और क्षत-विक्षत, गांधी मेमोरियल अस्पताल में चल रहा इलाज

रीवा।

*जिले के चाकघाट क्षेत्र से एक में प्रसुता ने एक बच्चे को जन्म दिया है, नवजात के जन्म लेते ही जब डॉक्टरों की नजर उस पर पड़ी तो वह हैरत में पड़ गए। क्योंकि अस्पताल में जन्म लेने वाला नवजात कोई साधारण नवजात की तरह नहीं है,नवजात की शक्ल हुबहु एक एलियन की तरह है,परिजनों के मुताबिक चाकघाट अस्पताल में बच्चे की नार्मल डिलेवरी हुई। वह आसमान्य था और उसकी हालत गंभीर है, इसके बाद उसे रीवा के गांधी मेमोरियल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में रखा गया, जिसका इलाज किया जा रहा है। बता दे मंगलवार की रात त्योंथर तहसील क्षेत्र स्थित ढकरा सोनौरी गांव की निवासी शांति देवी पटेल की बहू प्रियंका पटेल को प्रसव पीड़ा हुई,जिसके बाद उसे देर रात चाकघाट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बुधवार की सुबह बहू की नॉर्मल डिलेवरी हुई. डिलेवरी के बाद मां स्वस्थ थी। लेकिन बच्चा आसमान्य था, उसका शरीर क्षत-विक्षत है, देखने में वह बिल्कुल एक एलियन की तरह है, डॉक्टरों ने नवजात की हालत को गंभीर देखते हुए उसे रीवा गांधी मेमोरियल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, गांधी मेमोरियल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती नवजात का इलाज अब डॉक्टरों की देखरेख में किया जा रहा है। वही मामला में त्योंथर निवासी शांति देवी पटेल के ने बताया बहू प्रियंका पटेल को प्रसव पीड़ा के बाद मंगलवार की रात चाकघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था,बुधवार सुबह 7 बजे नार्मल डिलेवरी हुई, लेकिन बच्चे का शरीर क्षत-विक्षत है, बच्चे की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने रीवा रेफर किया है। शांति देवी ने बताया कि बहू की जांच कराने समय-समय पर शासकीय और प्राइवेट अस्पताल गईं,जहां अल्ट्रासाउंड के बाद भी डॉक्टरों ने मां और बच्चे को स्वस्थ* बताया, जबकि डिलीवरी के बाद बच्चा अस्वस्थ पैदा हुआ।

